## एक नजर में

### नगर पालिका की लापरवाही : जेसीबी से नाला साफ, कचरा वहीं छोड़ा, दो दिन बाद फिर वही हाल

**सनावद।** नगर पालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर जेसीबी मशीन से नालों की सफाई कराई जाती है, लेकिन निकला हुआ कचरा और मलबा उसी जगह ढेर कर छोड़ दिया जाता है। नतीजा यह है कि हवा का एक झोंका या तेज बारिश आते ही सारा कचरा फिर नाले में समा जाता है और दो-चार दिन बाद फिर से वही गंदगी और बदबू। यह 'सफाई का चक्रव्यूह' पिछले कई सालों से अनवरत चल रहा है, जिससे जनता परेशान है और सरकारी धन का अपव्यय हो रहा है। स्थानीय समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक श्री गिरधारी लाल सोनी ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए कहा, 'सिर्फ जेसीबी चलाने से सफाई नहीं होती। सफाई कर्मचारियों को हाथ से तुरंत कचरा उठाकर ट्रॉली या डंपर में लोड कर डंपिंग ग्राउंड भेजना चाहिए। जब तक कचरा हटेगा नहीं, सफाई अधर में लटकी रहेगी। बार-बार जेसीबी लगाने से पेट्रोल-डीजल, मशीन का किराया और मजदूरी का पैसा बर्बाद होता है। यह सीधे-सीधे फिजूलखर्ची है।'



श्री सोनी ने नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा संबंधित सफाई निरीक्षक से तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थायी समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर एक बार सही तरीके से सफाई और कचरा उठाव का कार्य कराया जाए तो साल भर नाले साफ रह सकते हैं और शहर को दुर्गंध से मुक्ति मिल सकती है। नगर के कई वार्डों में विशेषकर बस स्टैंड के पीछे, रेलवे स्टेशन रोड, इंदिरा गांधी मार्ग और पुराने बाजार क्षेत्र के नालों में यही स्थिति बनी हुई है। निवासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस बार सिर्फ खानापूर्ति न हो, बल्कि पूर्ण सफाई और कचरा निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। नगर पालिका की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा दो दिवसीय सक्षम उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**गोगावा।** 21 वीं सदी जीवन कौशल पर आधारित है जिसमें जिले में नवाचार हेतु 2 दिवसीय सक्षम उत्सव सभी जनजातीय विकासखण्ड स्तर की समस्त माध्यमिक ओर एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में किया गया। सक्षम उत्सव के लिए पहले विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ओर संकुल प्राचार्यो को सक्षम उत्सव की गाइड लाइन बताई गई सक्षम टीम के द्वारा ओर फिर आप लोगो के द्वारा विकासखण्ड स्तर पर ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से स्कूल प्राचार्य, प्रधान पाठक ओर सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित शिक्षकों को समक्ष उत्सव के बारे में बताया गया।उसके बाद सभी ने स्कूल स्तर पर सक्षम उत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें गोगावा की समस्त माध्यमिक एवं एकीकृत माध्यमिक स्कूलो में भी सक्षम उत्सव के पहले दिन बच्चों ने सत्रों से बनी समझ को मेरी सीख की दीवार पर प्रदर्शित किया साथ ही मेरा सपना मेरा भविष्य गतिविधियों में बढ़ चढकर भाग लिया जिसमें सभी बच्चों ने खुद के सपनों को पैराग्राफ के माध्यम से पूरी स्कूल के सामने प्रदर्शित किया साथ ही वो जो बनना चाहते है उसका चित्र भी बनाया, रोल प्ले बच्चों के द्वारा किए गए, मेरा सपना पर सभी ने भाषण दिए कैसे वे अपने सपने पूरे कर सकते है, सपनों को पूरा करने के लिए क्या क्या प्रयास करना पड़ेगा और उन्होंने बताया, समूह में सभी ने एक दूसरे के साथ सपने को लेकर बातचीत की कि वे क्या बनना चाहते है, कैसे बनेंगे किस प्रकार वे दूसरो से मदद लेंगे इत्यादि। दूसरे दिन स्कूल के बच्चों द्वारा किए गए सभी कार्य को प्रदर्शनी के रूप में दिखाया गया जिसमें गांव के हितधारक, स्कूल से विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी विवेक शर्मा ने भी स्कूलों का भ्रमण किया।



### शिविर में 3536 मरीजों का किया पंजीयन



**खरगोन।** भीकनगांव विकासखंड के ग्राम हेलापड़ावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 15 नवंबर को वृहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 3536 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 189 मरीजों की मोतियाबिंद जांच की गई एवं 26 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए अरविंदो अस्पताल इंदौर भेजा गया। इस दौरान 12 बच्चों की ईको जांच की गई, जिनमें से 8 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसी प्रकार 295 गर्भवती महिलाओं एवं 56 सामान्य सोनोग्राफी जांचें भी की गई। स्वास्थ्य शिविर में आवश्यकतानुसार मरीजों की ईको, सोनोग्राफी, ईसीजी, एक्स-रे तथा आवश्यक पैथोलॉजी जांचें शिविर स्थल पर ही की गई। शिविर में विशेष रूप से सिकल सेल, मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप की जांच की गई। साथ ही जिन हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी एवं आयुष्मान ई-केवायसी शेष थे, उनकी प्रक्रिया पूर्ण कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया गया। स्वास्थ्य शिविर में इंदौर मेडिकल कॉलेज, खंडवा मेडिकल कॉलेज, आयुष विभाग इंदौर तथा एम. जी. एम. मेडिकल कॉलेज इंदौर के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा निरूशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त खरगोन जिला अस्पताल एवं निजी विराज अस्पताल, खरगोन के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. चिन्मय भालके तथा विधायक प्रतिनिधि डॉ. डी. एस. सोलंकी द्वारा भी सेवाएं दी गई। स्वास्थ्य विभाग के लगभग 600 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रात: 9 बजे से शिविर समाप्ति तक अपनी सेवाएं प्रदान कीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चैहान ने स्वास्थ्य मेले के सफल आयोजन के लिए जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य शिविर में सांसद प्रतिनिधि श्री सुधीर यादव, विधायक प्रतिनिधि डॉ. डी. एस. सोलंकी, पूर्व विधायक श्री धुलसिंह डावर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता नार्वे, श्रीमती वेस्ता पटेल, अनुविभागीय अधिकारी भीकनगांव आकांक्षा करोठिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत झिरन्या, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. चंद्रजीत सावले, जिला स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निमाड़ उत्सव अंतर्गत प्रतियोगिताओं के लिए 19 नवंबर तक किया जा सकेंगे पंजीयन

**खरगोन।** जले में दिनांक 22 नवम्बर से 24 नवम्बर 2025 तक निमाड उत्सव के आयोजन अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंजीयन कराना अनिवार्य है तथा पंजीयन की अंतिम तिथि 19 नवम्बर 2025 है। पंजीयन के लिए श्रीमति अनिता हिरवे मो. 9753502010 और बसंत सोलंकी मो. 9826040887 से संपर्क किया जा सकता है। निमाड़ उत्सव अंतर्गत कबड्डी, कुश्ती, मेहंदी, रंगोली एवं नौका सज्जा प्रतियोगिताएँ सम्मिलित की गई है। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को क्रमश: 5 हजार और 3 हजार रुपए प्राप्त होंगे। बालक और बालिका वर्ग में कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमश: 3 हजार एवं पंद्रह सौ रुपए, नौका सज्जा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमश: 21 हजार, 11 हजार और 5 हजार रुपए ; रंगोली व महेंदी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एव तृतीय स्थान प्रात करने पर क्रमश: ग्यारह सौ, सात सौ और 300 रुपए की इनामी राशि रखी गई है।

# वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों से चर्चा की

### निर्वाचन आयोग द्वारा पुनरीक्षण कार्य की जिलेवार समीक्षा





नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक श्रीमती शुभ्रा सक्सेना ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जिलेवार प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निदेशक श्रीमती सक्सेना ने मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना पत्रकों के संग्रहण के बाद प्रतिदिन न्यूनतम 10 प्रतिशत पत्रकों का डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ के कार्यों की दैनिक समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों और किसी को भी इस गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए कि समय सीमा बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर स्वयं फील्ड में उतरें और पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से लें। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री संजीव कुमार झा सहित जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री भव्या मित्तल, उप

### शिक्षक संघ ने एसआईआर कार्य का अतिरिक्त दबाव एवं परेशान करने का लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज़



**खरगोन।** मतदान पुनरीक्षण (एसआईआर) में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के रुप में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने पर मप्र शिक्षक संघ ने सोमवार को विरोध के स्वर मुखर किए है। संघ ने शिक्षकों पर पढ़ाई के साथ एसआईआर कार्य का अत्यधिक दबाव बनाया जाकर परेशान करने का आरोप लगाते हुए आक्रोश दर्ज कराया है। कलेक्ट्रेट पहुंचे संघ जिलाध्यक्ष सुनील भावसार, जिला सचिव संतोष पटेल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष सौभागसिंह निगवाल, नगर अध्यक्ष विशाल खेड़े, संभागीय कोषाध्यक्ष सुनिल देशपांडे आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि एसआईआर राष्ट्रीय महत्व का कार्य होकर शिक्षक तन-मन से इस कार्य में अपनी क्षमता से अधिक कार्य कर रहे है। बावजूद इसके बीएलओ पर नियुक्त पटवारी, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि हमारे शिक्षक सार्थियों का पूर्ण सहयोग नही कर रहे है। ज्ञापन में उमावि मेनगांव में बतौर जनशिक्षक पदस्थ सचिन ठक्कर का सोमवार सुबह घर में गिरने के बाद निधन होने की घटना को भी मानसिक तनाव करार देते हुए कहा कि शिक्षकों पर पढ़ाई के साथ ही एसआईआर के काम का बोझ है, जिससे वे तनाव महसूस कर रहे है। इसके अलावा एसडीएम ने अपने कार्यालय के बाहर बीएलओ कार्य से निरस्त के आवेदन नहीं लेने संबंधी सूचना चस्पा कर रही है। ऐसे हालातों में संघ ने सुझाए बिंदूओं पर गौर करते हुए कलेक्टर से

# चोली में एकादश वार्षिक पाट महोत्सव 11 से 17 फरवरी तक होगा

**मंडलेश्वर।** सद गुरूदेव पूज्य अलबेली शरण जी महाराज, श्री धाम वृंदावन की प्रेरणा और श्री स्वामी हरिदास रसिक भक्त मंडल व ग्रामीणों के सहयोग से ठाकुर श्री राधा विनोद बिहारी भगवान का द्वादश वार्षिक पाट महोत्सव 11 से 16 फरवरी तक मनाया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में संतों का आगमन गांव में होगा। जिसको लेकर रविवार रात को गोतीर्थ (गौशाला) के आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति सदस्यों ने पिछले वर्षों में हुए कार्यक्रम में आने वाली समस्याओं और सुझाव भी लिए गए। बैठक में बताया गया 1 फरवरी की सुबह मंदिर परिसर में ठाकुर जी का पाट महोत्सव मनाया जाएगा, वहीं शाम को रासलीला मैदान पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। 2 से 9 फरवरी तक अखंड नाम संकीर्तन होंगे। 10 फरवरी की शाम श्रीधाम वृन्दावन के रसिक संत स्वामी श्री किशोरीदास जी का आगमन और शोभायात्रा आयोजित होगी। जिसके बाद 11 से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित पं. श्रीराम शर्मा (वृंदावन) की रासमंडली द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा। जिसमें 1 दिवसीय लीला



का आयोजन नगर के नर्मदा घाट पर होना है। वहीं 12 से 16 तक वृंदावन स्थित बांके बिहारी जी के प्राकट्यकर्ता स्वामी श्री हरिदास जी की चरित्र कथा का वाचन पपू श्री किशोरीदास जी महाराज के द्वारा किया जाएगा। 16 फरवरी की शाम आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 17 फरवरी को भंडारे के साथ पाट महोत्सव का समापन होगा।

**बागेश्वर धाम भी आ सकते हैं:-** आयोजन समिति और रसीक भक्त मंडल के पर्वतसिंह ठाकुर ने बताया इस आयोजन में देशभर के प्रसिद्ध संतों का आगमन होगा। जिसमें ज्ञान गुदड़ी (वृंदावन) के बाबा श्री कुंज बिहारी जी भक्तमाली जी, जठेरी धाम (राजस्थान) के मुखिया विपिन बिहारीदास जी महाराज की विशेष उपस्थिति रहेगी। भारतसिंह ठाकुर ने कहा इनके अलावा बागेश्वर धाम के श्री धीरेन्द्र

### मार्गशीर्ष अमावस्या पर शीतला माता मंदिर में होगा विशाल सत्संग



**सनावद।** आगामी 19 नवंबर (बुधवार) को मार्गशीर्ष अमावस्या के पावन अवसर पर सनावद स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर परिसर में दोपहर 3 बजे से विशेष सत्संग एवं भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति एवं क्षेत्रीय भक्तजनों की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस सत्संग में सामूहिक भजन-कीर्तन, माँ शीतला की आरती तथा ध्यान-साधना का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों का कहना है कि अमावस्या के दिन माँ शीतला की उपासना से रोग-शोक दूर होते हैं तथा मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। सनावद एक्टिव योगा के सदस्य श्रीमति अमरजीत कौर ने सभी भक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में प्रसाद एवं जल की समुचित व्यवस्था रहेगी। ज्ञात रहे कि सनावद का शीतला माता मंदिर पश्चिम निमाड़ क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र है और प्रत्येक अमावस्या को यहां भक्तों की भारी

### हरियाणा सरकार की तर्ज पर सिक्युरिटी ऑफ सर्विस संबंधी नीति की मांग




**खरगोन।** कर्मचारी, आउटसोर्स आंगनवाड़ी सहायिका, पेंशनर, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी, तुलावटी हम्माल और ठेका मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकजुटता दिखाते हुए विरोध के स्वर मुखर किए है। सोमवार को बड़ी संख्या में भारतीय मजदुर संघ के बैनर तले पहुंचे कर्मचारियों ने 27 सुत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए वेतन, नियमितीकरण और पेंशन जैसी कई प्रमुख चिंताओं पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में मांग की है कि मप्र के बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम कानूनों का समुचित पालन करने के लिए नीतिगत निर्णय लिया जाकर हरियाणा सरकार की तर्ज पर सिक्युरिटी ऑफ सर्विस संबंधी नीति एवं आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड बनाकर भविष्य सुरक्षित किया जाए। 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके दैवेभो कर्मचारियों को स्थायीकर्मी घोषित किया जाए, विनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए, जैसी अन्य मांगें शामिल है।

### ऑफिसर्स कॉलोनी में डीडीए और तहसीलदार के आवासों को चोरों ने बनाया निशाना

**खरगोन।** चोरो ने शहर की ऑफिसर कॉलोनी को निशाना बनाते हुए दो ए क्लास अधिकारियों के सूने मकानों से नकदी सहित आर्टिफिशियल ज्वेलरी पर हाथ साफ कर पुलिस गश्त को चुनौती दी है। चोरो ने कृषि अधिकारी के आवास पर नकदी चुराने के साथ ही घर के बने ठंड के लडडू, गजक और बादाम. काजू भी भरपेट खाये। चोरी का खुलासा सुबह अधिकारियों के शासकीय आवास पर पहुंचने के दौरान हुआ। कृषि अधिकारी एसएस राजपूत ने बताया वे शनिवार रात भोपाल गए थे। सोमवार सुबह



कर्मचारियों ने घर के ताले टूटे होने की सूचना दी। जब घर पहुंचा तो सारा सामान बिखरा मिला। अलमारी से कपड़े फेंके हुए थे। घर मे रखे लडडू, काजू. बादाम, गजक के डिब्बे खाली मिले। चोर अपने साथ करीब दो हजार रुपये नकद ले गए है। हालांकि पुलिस जांच के चलते फिलहाल उन्होंने सामान का मिलान नही किया है। इसी आवास से लगे तहसीलदार खुमानसिंह चौहान के निवास पर भी चोरों ने धावा बोला। श्री चौहान ने बताया उनके निवास से चोर करीब 8 हजार रुपये मूल्य की आर्टिफिशियल जेवलरी ओर दो हजार रुपये चोरी कर ले गए है। अधिकारियों ने पॉश इलाके में हुई चोरी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारियों के आवास होने के बावजूद चोरो ने बेखौफ होकर

### खेल-खेल में बच्चों को बाल अपराधों के प्रति किया जागरुक

**खरगोन।** तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश राजकुमार यादव के निर्देश पर जनसाहस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में बाल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम डालका, पीपरखेड़ा, धूलकोट एवं साईं खेड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक इरफान खान ने बताया कार्यक्रम में बच्चों के अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया एवं उनके ड्रीम्स के बारे में चर्चा की गई। साथ ही साथ उनकी प्रतिभाओं को मंच देने के लिए गतिविधि एवं खेल एक्टिविटी के माध्यम से उन्हें सजग किया गया। इस दौरान बच्चों की सहायता के लिए शासन द्वारा संचालित हेल्पलाईन नंबर जैसे 108, 1092 की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आयुषी राठौर, पिंकी चौहान, मुकर्रम, नीलम, शीतल पटेल, नुरी धार्वे,



**एक नजर में** कार्यक्रम में खरगोन जिले के समस्त विकासखण्डो के विभिन्न निजी विद्यालय के संचालक मौजूद रहे

# निजी स्कूलों का प्रदेश स्तरीय संगम का आयोजन

नवभारत न्यूज़

**भीकनगाव।** हमारे यहां पर जब बच्चा नर्सरी में प्रवेश लेता है, यदि वह सन् 2025 में प्रवेश ले रहा है, तो '2047 में वह क्या करेगा' इस बात का ख्याल रखकर उसके अध्यापन के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए उसके हित में अपनी ओर से हमें अभी से योजना बनानी होगी। हमें हमारे विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए हमारे मध्य ही उपलब्ध कई सारे संसाधनों का एक दूसरे के हित में आवश्यक उपयोग करना होगा। जब हम दूसरे के बारे में बात करेंगे, दूसरे के हित की बात करेंगे तो हमारी बात खुद ब खुद हो जाएगी इसलिए हमें अपनी चिंता न करते हुए अपने दूसरे साथियों की चिंता करना चाहिए। उक्त उद्बोधन सोसायटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष और शिक्षाविद् डॉ आशीष चटर्जी ने शहर के बाल शिक्षा निकेतन में कल आयोजित हुए निजी विद्यालय संचालक सभा संगम में दिए । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रवीण पणिकर ने, किसी भी विद्यालय में,




किस प्रकार हमें अपने कार्यालयीन दस्तावेज व्यवस्थित रखने चाहिए उज्जैन से पधारे सोपास मध्य प्रदेश के कार्यकारी उपाध्यक्ष विक्रम राठौर द्वारा सोपास संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पूरे मध्य प्रदेश के 51 जिलों में सोपास कार्य कर रहा है, और लगभग 20000 से 25000 साथी संगठन से जुड़े हुए हैं । यदि हमें कोई भी समस्या आती है तो सोपास सदैव हम सबके साथ खड़ा हुआ है। इसी प्रकार उज्जैन से ही पधारे प्रदेश कोर कमेटी सदस्य श्री मनोज भारद्वाज जी ने भी शिक्षा गुणवत्ता, विद्यालय प्रबंधन आदि विषयों को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। प्रदेश कोर कमेटी से पधारे कमलेश कुशवाह जी ने भी संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर खरगोन जिले के विभिन्न ब्लॉक से उपस्थित प्रभारी अरविंद जैन, सीताराम पटेल, गोपाल पाटीदार अखिलेश पाटीदार, प्रकाश अवस्थी उज्जवल अत्रे, रूपेश ठक्कर, वरुण जोशी, विशाल दसौंधी, शालिनी तारे, आदि ने अलग-अलग विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, विद्यालय में आर टी ई की राशि, वाहनों की ऑनलाइन ट्रैकिंग, पाठ्यपुस्तक प्रबंधन, शैक्षणिक शुल्क आदि विषयों पर आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन के द्वितीय सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेंद्र कानूड़े सर जिला परियोजना समन्वयक श्री खेमराज सेन सर, जिला प्रोग्राम अधिकारी कुंदन भावसार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए ऑनलाइन एंट्री, विभिन्न प्रतियोगिता, समय-समय पर जानकारी पूर्ण करना, बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता आदि विषय पर प्रकाश डाला और भविष्य में और अधिक अच्छा कार्य करने हेतु सहयोगात्मक वातावरण में पूर्ण करने की प्रेरणा दी द्य अतिथियों को शब्दों से स्वागत करते हुए मंजीत चावला जी कहा की हम सभी मिलकर गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा ड्ढ्ठ के लिए सदैव कार्य करेंगे द्यइस अवसर पर अतिथियों का स्वागत श्री अशोक महाजन, वल्लभ भंडारी, संजय जोशी, प्रवीण असनादे, आदि ने किया ।